पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 05 अभियुक्त व एनबीडब्ल्यू में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 20.06.2024

दिनांक 19/20.06.2024 को थाना गाजीपुर 01, कृष्णानगर 01, रहीमाबाद 01, सुशान्त गोल्फ सिटी 01, ठाकुरगंज 01 अभियुक्त व एनबीडब्ल्यू में थाना बीकेटी 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 05 अभियुक्त व एनबीडब्ल्यू में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0 पश्चिमी

सट्टा खेलते / खिलवाते समय गिरफ्तार।

थाना सआदतगंज-दिनांक 19.06.2024 को उ0नि0 श्री आशीष बालियान थाना सआदतगंज द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01- खालिद पुत्र मो0 रफी निवासी 426/95/54 वजीरबाग थाना सआदतगंज लखनऊ उम्र करीब 31 वर्ष 02- हारून पुत्र फिरोज अली निवासी 87 गढी पीर खां अम्बरगंज थाना सआदतगंज लखनऊ उम्र करीब 38 वर्ष को सट्टा पर्ची द्वारा सट्टा खेलते व खिलवाते समय सार्वजनिक स्थान वजीरबाग चरही मेहदी शाह की मजार सआदतगंज लखनऊ से गिरफ्तार किया गया,जिसके कब्जे से 15 अदद सट्टा पर्ची व 1620/- रु0 रूपये नगद बरामद कर थाना सआदतगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

भा0द0वि0

थाना चिनहट- दिनांक 20.06.2024 को थाना चिनहट द्वारा बताया गया कि वादी श्री आशुतोष सिंह पुत्र श्री दिग्विजय सिंह निवासी म0नं0 207 हिमसिटी पार्ट 01 गणेशपुर रहमानपुर देवा रोड थाना चिनहट लखनऊ ने थाना चिनहट पर सूचना दिया कि वादी व वादी की बहन श्वेता दिनांक 16/06/2024 को रात में घर पर नहीं था। जब वादी दिनांक 17/06/2024 की सुबह 10.00 बजे अपने घर आया तब गेट पर ताला लगा था परन्तु वादी जब गेट का ताला खोलकर अन्दर आया तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था घर के अन्दर का सारा सामान बिखरा पड़ा था अलमारी खुली हुई थी एवं उसमें रखे कपड़े और सामान बिखरा पड़ा था। वादी के कमरे में रखे दो लैपटाप जिसमें से एक एसर कंपनी का वादी की बहन श्वेता का था व दूसरा लैपटाप वादी का जो डेल कंपनी का और आलमारी में रखे 10,000/-रू0 नगद को भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना चिनहट पर मु0अ0सं0- 286/2024 धारा- 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना बीकेटी/सैरपुर- दिनांक 20.06.2024 को थाना बीकेटी द्वारा बताया गया कि 100 शैय्या अस्पताल लखनऊ से थाना बीकेटी पर एक किता मेमो इस आशय से दाखिल किया कि आज दिनांक 20.06.2024 को समय करीब 10.52 बजे सूर्यलाल निवासी बेहरा थाना ईशानगर जनपद लखीमपुर खीरी को इस चिकित्सालय में मृत अवस्था में लाया गया। **इस सूचना पर उ0नि0 श्री अभिमन्यु साहा मो0नं0-8858320882 थाना बीकेटी द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** थाना सैरपुर द्वारा बताया गया कि दिनाँक 20.06.2024 को थाना सैरपुर में रैथा रोड पर सहाय एन्क्लेव कॉलोनी में निर्माण कार्य चल रहा था निर्माण कार्य के दौरान एसटीपी की दीवार मिट्टी सहित ढह गयी। जिसमें 3 मजदूर दब गए जिन्हें इलाज हेतु 100 शैय्या अस्पताल भेजा गया जहां पर चिकित्सको द्वारा सूर्यलाल उम्र करीब 50 वर्ष पुत्र रामनाथ निवासी बेहरा थाना ईशानगर जनपद लखीमपुर खीरी को मृत घोषित कर दिया गया एवं अन्य मजदूर इतवारी लाल पुत्र चोकई निवासी ग्राम चक थाना रेवसा जनपद सीतापुर व बचनेश पुत्र शिवसागर लाल निवासी पांडेय का पुरवा थाना धौरहरा जनपद लखीमपुर खीरी को सामान्य चोट आई है।